बिहार पशुचिकित्सा संघ

संघ–भवन, विद्यापति मार्ग, पटना–1

पत्रांक......21....................../ दिनांक 21.03.2020

सेवा में,

माननीय प्रधानमंत्री,
भारत सरकार,
नई दिल्ली।

विषय :– नोवेल कोरोना वायरस से बचाव के संबंध में।

महाशय,

कोरोना वायरस महामारी से आप भली भाँति अवगत है। पशुपालन विभाग, बिहार में फील्ड स्तर पर इस बिमारी से बचाव के लिए सम्यक दिशा–निर्देश अभी तक जारी न होने से पशु चिकित्सकों में भय व्याप्त है। वर्तमान विषम समय में बिहार के पशु चिकत्सको को फील्ड में जन सामान्य के बीच में जाकर टीकाकरण एवं टैगिंग करने हेतु प्रतिदिन निर्देश जारी किये जा रहे हैं। इस संबंध में सादर सूचित करना है कि पुरा विश्व इस महामारी से बचाव के लिए सभी संभव प्रयास कर रहा है। यहाँ तक की भवदीय स्तर से भी कोरोना वायरस के फैलाव से बचने हेतु सभी संभव प्रयास के साथ सोशल डिस्टेन्सिंग का आह्वाहन किया गया है।

अतः विनम्र अनुरोध है कि इस महामारी से बचाव एवं चिकित्सा कार्य जारी रखने के लिए पशु चिकित्सा कार्य में संलग्न/सहयोग देने वाले बिहार के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को एन–95 मास्क; थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था के साथ प्रचुर मात्रा में हैण्ड सैनिटाईजर उपलब्ध कराने के लिए पशुपालन विभाग, बिहार सरकार को दिशा–निर्देश देने की कृपा की जाय। जिससे बिहार के सभी पशु चिकित्सक निर्भय होकर पशु चिकित्सा कार्य में अपना सेवा दे सकें। साथ हीं महामारी समाप्त घोषित होने तक भवदीय के आह्वाहन के अनुरूप सोशल डिस्टेन्सिंग को सफल बनाने के लिए सभी समूहिक बैठकों/मीटिंगों/मेलों तथा एन0ए0डी0सी0पी0 टीकाकरण एवं टैगिंग तथा एन0ए0आई0पी0 कार्यक्रम को तत्काल स्थगित करने संबंधी सम्यक दिशा–निर्देश भी जारी करने की कृपा की जाय।

बिहार पशुचिकित्सा संघ सदा आपका अभारी रहेगा।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर)

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)
प्रधान महासचिव